

अब न्यू जीलैंड से टी20 में भिड़ंत

भारत को मुंबई के वानखेड़े में खेले गए सीरीज के पहले वनडे में 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी, लेकिन इसके बाद टीम इंडिया ने वापसी की और ऑस्ट्रेलिया को कोई मौका नहीं दिया। भारतीय टीम का अब न्यू जीलैंड से सामना होगा और दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज 24 जनवरी से खेली जाएगी।

## रोहित ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का भर्ता निकाल दियाः शोएब अख्तर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पाकिस्तान। भारतीय टीम ने अपनी मेजबानी में ऑस्ट्रेलिया को 3 मैचों की वनडे सीरीज में 2–1 से हरा दिया। टीम इंडिया ने बेंगलुरु में रविवार को खेले गए सीरीज के तीसरे और निर्णायक वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हराया और सीरीज भी जीती। इस पर पूर्व पाकिस्तानी पेसर शोएब अख्तर ने टीम और रोहित की तारीफ की।

**15 गेंद शेष रहते जीता भारत**

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे वनडे में 50 ओवर में 286 रन बनाए जिसके बाद ओपनर रोहित शर्मा (119) के शतक और उनकी कैप्टन विराट कोहली (89) के साथ 137 रन की साझेदारी की बदौलत भारत ने 15 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

**अच्छी-बुरी गेंद से रोहित को फर्क नहीं पड़ता**

शोएब अख्तर ने यूट्यूब पर एक विडियो में कहा, शचिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह हराया, जैसे बच्चों के साथ खेलते हैं, उस तरह भारत ने मेहमान टीम के साथ खेला। जब रोहित शर्मा फॉर्म में होते हैं तो उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि अच्छी बॉल है या नहीं। उनके पास काफी टाइम रहता है और वह बेहद खूबसूरती से अपने शॉट खेलते हैं।

# कोहली और रोहित की बादशाहत कायम, बुमराह भी टॉप पर

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारतीय कप्तान विराट कोहली और उप कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को जारी आईसीसी वनडे रैंकिंग की बल्लेबाजी तालिका में पहले दो स्थानों पर अपनी पकड़ मजबूत बनाई। दूसरी ओर, जसप्रीत बुमराह ने गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल में समाप्त हुई सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली ने नंबर एक और रोहित ने नंबर दो रैंकिंग को मजबूती प्रदान की। भारत ने यह सीरीज 2–1 से जीती। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में 183 रन जबकि रोहित ने 171 रन बनाए। रोहित ने बेंगलुरू में तीसरे वनडे में 119 रन की पारी खेली थी। आईसीसी के बयान के अनुसार कोहली के 886 और रोहित के 868 अंक हैं। उनको क्रमशरू दो और तीन रेटिंग अंक मिले। पाकिस्तान के बाबर आजम 829 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

**शिखर 15वें नंबर परः** बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने दो पारियों में 170 रन बनाए और वह सात पायदान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गए। कंधे की चोट के कारण वह तीसरे वनडे में बल्लेबाजी नहीं कर पाए। उनकी जगह पारी का आगाज करने वाले केएल राहुल ने तीन मैचों में कुल 146 रन बनाए और वह 21 पायदान चढ़कर 50वें स्थान पर पहुंच गए।

**स्मिथ और वहर्नर को भी फायदा** ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने सीरीज में सर्वाधिक 229 रन बनाए, जिसमें अंतिम वनडे में बनाए गए 131 रन भी शामिल है। इससे उन्हें चार स्थान का फायदा हुआ और वह 23वें नंबर पर पहुंच गए हैं। डेविड वॉर्नर भी एक पायदान ऊपर छठे जबकि कप्तान आरोन फिंच दसवें स्थान पर पहुंच गए। विकेटकीपर एलेक्स कैरी दो पायदान के फायदे से 31वें स्थान पर काबिज हो गए हैं।

**बोलिंग में बुमराह का जलवा**

चोट से उबरकर वापसी करने वाले बुमराह गेंदबाजों की सूची में 764 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उनके बाद न्यू जीलैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान का नंबर आता है। दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा और ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस शीर्ष पांच में शामिल अन्य गेंदबाज हैं। भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा दो पायदान ऊपर 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## आईपीएल में प्रदर्शन के बावजूद धोनी की राह मुश्किल- भज्जी



## श्रीलंका के पेसर पथिराना ने फेंकी 175 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। श्रीलंका के रहने वाले एक बोलर का नाम शायद आपको याद हो, मथीशा पथिराना जो अपने बोलिंग स्टाइल के चलते इंटरनेट पर काफी वायरल हुए थे। अंडर–19 वर्ल्ड कप टीम में उन्हें मौका मिला और भारतीय टीम के खिलाफ उन्होंने पिछले मैच में फिर से खबरों में जगह बनाई।

पथिराना ने एक और हैरान करने वाला काम किया, जब उन्होंने भारतीय अंडर–19 टीम के खिलाफ रविवार को 175 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। हालांकि यह स्पीडोमीटर की गड़बड़ी थी या प्रसारक से कोई भूल हुई, लेकिन आईसीसी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान इस पर नहीं आया है।

**वाइड रही बॉलः** पथिराना ने यह गेंद भारत के यशस्वी जायसवाल के खिलाफ फेंकी। चौथे ओवर की अंतिम गेंद जायसवाल की लेग साइड से निकली जिसे अंपायर ने वाइड बताया।

इस बीच टीवी स्क्रीन पर जब गेंद की स्पीड दिखाई गई, तो सभी हैरान रह गए। सीनियर पेसर लसिथ मलिंगा से मिलते–जुलते बोलिंग स्टाइल के कारण चर्चा में आए पथिराना ने पिछले साल सितंबर में ट्रिनिटी कॉलेज कैंडी के लिए अपने डेब्यू मैच में केवल 7 रन देकर 6 विकेट झटके थे।

## तीसरा टेस्टः इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका को पारी के अंतर से हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पोर्ट एलिजाबेथ। इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका को तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें दिन पारी और 53 रन से हराकर चार मैचों की सीरीज में 2–1 की अजेय बढ़त बना ली। साउथ अफ्रीका के लिए केशव महाराज (71) और डेन पीटरसन (नाबाद 39) ने आखिरी विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड ने 9 विकेट पर 499 रन बनाकर पारी घोषित की जिसके बाद साउथ अफ्रीकी टीम की पहली पारी 209 और दूसरी पारी 237 रन पर सिमट गई। सैम करन ने मिड ऑन से सीधे थ्रो करके इस साझेदारी को तोड़ा और साउथ अफ्रीका को 237 रन पर आउट किया। महाराज और पीटरसन के बीच पार्टनरशिप साउथ अफ्रीका के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी हुई जबकि बाकी बल्लेबाज चल नहीं सके। साउथ अफ्रीका ने आखिरी चार विकेट के लिए 135 रन जोड़े। यह पिछले आठ टेस्ट में साउथ अफ्रीका की सातवीं हार थी। वह एकमात्र टेस्ट इंग्लैंड के खिलाफ जीता था जब टीम प्रबंधन ने टीम में काफी बदलाव किए थे। इंग्लैंड के लिए पहली पारी में 135 रन की नाबाद पारी खेलने वाले ओली पोप को मैन ऑफ द मैच बने। सेंचुरियन में पहला टेस्ट हारने के बाद इंग्लैंड ने केपटाउन टेस्ट 189 रन से जीता और यहां पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा।

## न्यूज डायरी



### टेस्ट टीम के ऐलान से पहले इशांत शर्मा के टखने में चोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यू जीलैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम की घोषणा से पहले भारत के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के टखने में यहां रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान चोट लग गई। विदर्भ के खिलाफ दिल्ली के लिए खेल रहे इशांत की चोट की गंभीरता अभी पता नहीं चल सकी है लेकिन वह दर्द से कराह रहे थे और सहयोगी स्टाफ की मदद से स्टेडियम से बाहर गए। विदर्भ की दूसरी पारी के पांचवें ओवर में उन्हें चोट लगी। शॉर्ट गेंद पर विरोधी कप्तान फैज फजल ने पुल शॉट खेलने का प्रयास किया और फॉलो थ्रू में इशांत फिसल गए। उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी। 31 साल के पेसर इशांत ने विदर्भ की पहली पारी में 45 रन देकर 3 विकेट लिए थे। इशांत का यह इस रणजी सत्र में आखिरी मैच था चूंकि उनका न्यू जीलैंड दौरे पर टेस्ट टीम में चयन तय माना जा रहा है।

### सना मीर पाकिस्तान की महिला टी20 वर्ल्ड कप टीम से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पूर्व कप्तान और सीनियर ऑफ स्पिनर सना मीर को सोमवार को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले महिला टी20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की 15 सदस्यीय मजबूत टीम से बाहर कर दिया गया। महिला चयन समिति ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन तथा ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में टीम के संयोजन का हवाला देते हुए सना को टीम में जगह नहीं दी। चीफ सिलेक्टर उरूज मुमताज ने कहा कि सना को बाहर करना मुश्किल था लेकिन टी20 फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक नहीं था। 34 साल की सना ने आईसीसी 50 ओवर और टी20 वर्ल्ड कप दोनों में पाकिस्तान की कप्तानी की है और वह देश के लिए 120 वनडे और 102 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं। वह प्रतिक्रिया के लिए उपलब्ध नहीं थी।

### ऑस्ट्रेलिया ने आग पीड़ितों की मदद करने पर हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। हॉकी ऑस्ट्रेलिया ने ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग के पीड़ितों की मदद करने के लिए हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त किया है। हॉकी ऑस्ट्रेलिया की अध्यक्ष मेलेनी वूसनाम ने हॉकी इंडिया के अध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक अहमद का मदद के लिए आभार व्यक्त किया। हॉकी इंडिया ने 'रेडक्रॉस बुशफायर अपील' में 25,000 डॉलर का दान दिया। इसके अलावा उसने हॉकी ऑस्ट्रेलिया को नीलामी के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों के हस्ताक्षर वाली दो शर्ट भी प्रदान की। वूसनाम ने कहा, 'मैं हमारे देश में इस मुश्किल समय में हमारे अंतरराष्ट्रीय साथियों से मिले सहयोग का जिक्र करना चाहती हूं। हम हॉकी इंडिया का रेडक्रॉस बुशफायर अपील में योगदान को स्वीकार करते हैं और उनका आभार व्यक्त करते हैं।'

### आस्ट्रेलियाई ओपन पर पहले धुंए और अब बारिश का कहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। सेरेना विलियम्स और रोजर फेडरर ने आस्ट्रेलियाई ओपन में सोमवार को जीत से शुरुआत की जिसके बाद बारिश के कारण अफरा–तफरी का माहौल बन गया और इस तरह से जंगलों की लगी आग के कारण भी चर्चा में रहे वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम के शुरुआती दिन कई मैच नहीं हो पाये। धुंध के कारण पिछले सप्ताह क्वालीफाईंग के दौरान कई खिलाड़ियों को खांसी और सांस लेने में तकलीफ हुई जिसके कारण टूर्नामेंट के आयोजन में देरी की संभावना बन गयी थी। टूर्नामेंट अपने तय कार्यक्रम के अनुसार शुरू हुआ क्योंकि वायु गुणवत्ता अच्छी आंकी गयी थी लेकिन चार घंटे बाद ही मूसलाधार बारिश के कारण बाहर के कोर्ट पर खेल रोकना पड़ा। विश्व में नंबर तीन फेडरर रॉड लेवर एरेना में छत बंद करने के समय ही कोर्ट से बाहर रहे। उन्होंने वापस लौटकर अमेरिका के स्टीव जानसन को 6–3, 6–2, 6–2 से हराया। यहां 20 साल पहले पदार्पण करने के बाद फेडरर कभी पहले दौर से बाहर नहीं हुए। मारग्रेट कोर्ट एरेना और मेलबर्न एरेना में भी छत बंद करने के बाद खेल चलता रहा। पहले दिन बारिश के कारण 64 में से 48 मैच मंगलवार तक टाल दिये गये।